## अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

### सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर के अधीन योजनाशीर्ष** MMGSY(SC) **अन्तर्गत PWD Road to Tilay Muslim Tol** तक पथ का निर्माण कार्य संवेदक मेसर्स **मो0 कैसर, (निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2), ग्राम–मतहरी, पो0–बरौठा, थाना–बेनीपट्टी, जिला–मधुबनी, बिहार, पिन–847102** को आवंटित था, जिसका एकरारनामा संख्या–34/SBD/2017-18 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 25.11.2017 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 24.11.2018 थी।

उक्त पथ का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर ने अपने पत्रांक–1229 दिनांक–10.09.2020 द्वारा संवेदक के उक्त एकरारनामा को विखेडित कर कालीसूची में डालने की अनु ंसा की गयी थी। संवेदक के अनुरोध पर अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा ने अपने पत्रांक–839 दिनांक–31.05. 2022 द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु दिनांक–30.06.2022 तक समय दिया गया था, लेकिन अनेक निर्देश के बावजूद संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर ने पत्रांक–2151 दिनांक–09.12.2022 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया, परन्तु संवेदक द्वारा अपना जबाव प्रमंडल को नहीं उपलब्ध कराया। अंततः कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर ने अपने ज्ञापांक–11 दिनांक–03.01.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–34/SBD/2017-18 को पुनः विखंडित किया गया तथा संवेदक के जमानत–अमानत की राशि को जब्त करते हुए उक्त निबंधन संख्या–**2150688/2015RWD Class-2** को कालीसूची में डालने की अनुशंसा की गयी।

उक्त के क्रम में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक–79 अनु0 दिनांक–10.01.2023 एवं मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक–171 अनु0 दिनांक–10.01.2023 द्वारा संबंधित संवेदक के निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु अनुशंसा सहित वांछित अभिलेख एवं प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव, अभिलेख एवं अनुशंसा के आलोक में संवेदक **मेसर्स मो0 कैसर, (निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2)**, को कालीसूची में डालने के पूर्व विभागीय पत्रांक–1948 दिनांक–31.03.2023 द्वारा 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी। संवेदक **मेसर्स मो0 कैसर, (निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2)**, द्वारा निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी अपना स्पष्टीकरण विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे प्रमाणित होता है कि संवेदक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है।

विभागीय समीक्षोपरान्त संवेदक के **निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2** को कालीसूची (Blacklist) में डालने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त विभागीय अधिसूचना सं0– 8123 दिनांक–19.12.2007 द्वारा अधिसूचित बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के कंडिका 11(क)(VI) तथा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का का0अ0सं0–154 दिनांक–18.06.2015 की कंडिका 8(I)(b) में निहित प्रावधानों के आलोक में संवेदक **मेसर्स मो0 कैसर, ग्राम–मतहरी, पो0–बरौठा, थाना–बेनीपट्टी, जिला–मधुबनी, बिहार, पिन–847102** के **(निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2)**, को अगले 10 (दस) वर्षों के लिए कालीसूची (Blacklist) में डाला जाता है।

(अशोक कुमार मिश्रा)
अभियंता प्रमुख

SP

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–05/2023 - 2918 /पटना, दिनांकः–02/06/2023

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–05/2023 - 2918 /पटना, दिनांकः–02/06/2023

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/विषेश सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–05/2023 - 2918 /पटना, दिनांकः–02/06/2023

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–05/2023 - 2918 /पटना, दिनांकः–02/06/2023

प्रतिलिपिः–**संवेदक मेसर्स मो0 कैसर, (निबंधन सं0–2150688/2015RWD Class-2),ग्राम–मतहरी, पो0–बरौठा, थाना–बेनीपट्टी, जिला–मधुबनी, बिहार, पिन–847102** को सूचनार्थ प्रेषित।

2/6/23

अभियंता प्रमुख

SP